सुविधा — यात्रियों की लंबे समय से थी मांग, तीन जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों को मिला प्रायोगिक ठहराव

# स्टॉपेज सुविधा को आज सांसद दिखाएंगी हरी झंडी



**अनूपपुर, नवभारत 26 फरवरी।** क्षेत्रीय रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह की पहल पर रेलवे प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले तीन स्टेशनों पर तीन जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव को स्वीकृति प्रदान की है।

इन स्टॉपेज सुविधाओं का शुभारंभ 27 फरवरी को अनूपपुर रेलवे स्टेशन से सांसद द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। जानकारी के अनुसार सांसद हिमाद्री सिंह ने क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार प्रयास किए और इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर यात्रियों की मांगों को प्रमुखता से रखा, जिसके परिणामस्वरूप रेलवे मंत्रालय ने तीन प्रमुख ट्रेनों के नए ठहराव को मंजूरी दी है।

### इन स्टेशनों पर मिलेगा ठहराव

रेलवे प्रशासन के अनुसार निम्नलिखित स्टेशनों पर ट्रेनों का स्टॉपेज शुरू किया जा रहा है, जिनमें अनूपपुर स्टेशन में सांतरागाछी-रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस, वेंकटनगर स्टेशन में पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस, कोतमा स्टेशन में निजामुद्दीन-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होगा।

### ट्रेनों का समय एवं प्रभावी तिथि

सांतरागाछी-रानी कमलापति 27 फरवरी से ठहराव होगा, जहां आगमन 9.53 बजे तथा प्रस्थान 9.55 बजे, 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी ट्रेन 5 मार्च से प्रारंभ होगी, जिसका आगमन 00.31 बजे तथा प्रस्थान 00.33 बजे होगा। इसी प्रकार निजामुद्दीन-अंबिकापुर एक्सप्रेस (22408/22407) 4 मार्च से कोतमा में आगमन 14.56 बजे तथा प्रस्थान 14.58 बजे, 22407 ट्रेन नंबर 5 मार्च को आगमन 9.46 बजे तथा प्रस्थान 9.48 बजे तथा उत्कल एक्सप्रेस 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश 27 फरवरी 2026 से वेंकटनगर में आगमन 16.29 बजे तथा प्रस्थान 16.31 बजे, ऋषिकेश-पुरी ट्रेन 28 फरवरी को आगमन 6.32 बजे तथा प्रस्थान 6.34 बजे होगा।

### कुछ स्टेशनों के समय में परिवर्तन किया गया

वेंकटनगर में उत्कल एक्सप्रेस के ठहराव के कारण कुछ स्टेशनों के समय में परिवर्तन किया गया है। जिनमें जैतहरी स्टेशन में अब 16.44 बजे पहुंचेगी, पेंड्रा रोड 6.48 बजे, बेलगहना 7.48 बजे होगा। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इन ठहरावों से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधी रेल सुविधा मिलेगी तथा लंबी दूरी की यात्रा अधिक आसान होगी। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए सांसद हिमाद्री सिंह के प्रयासों की सराहना की है।

## होली पर शांति व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अनूपपुर, नवभारत।** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार इस वर्ष 2 मार्च को होलिका दहन तथा 3 मार्च को धुरेड़ी, रंगपंचमी और पारंपरिक फाग गीत कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन आयोजनों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है। आदेश के तहत अनूपपुर/चचाई क्षेत्र में तहसीलदार ईश्वर प्रधान, फुनगा चौकी क्षेत्र में नायब तहसीलदार कौशलेंद्र शंकर मिश्रा, भालूमाड़ा क्षेत्र में नायब तहसीलदार मंगल दास चतुर्वेदी, जैतहरी-वेंकटनगर क्षेत्र में तहसीलदार रमाकांत तिवारी तथा कोतमा क्षेत्र में प्रभारी तहसीलदार दशरथ सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

# संविलियन भर्ती और वित्तीय गड़बड़ी के आरोप

▸ डूमरकछार निकाय का मामला निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**अनूपपुर, नवभारत 26 फरवरी।** नवगठित नगर परिषद डूमरकछार में संविलियन भर्ती, पदस्थापना और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। निकाय अध्यक्ष सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों ने सक्षम अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायतों के अनुसार निकाय गठन के दौरान संविलियन प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन किया गया। आरोप है कि समिति में सदस्य रहे कर्मचारी रजनीश प्रसाद शुक्ला द्वारा फर्जी आंकड़े प्रस्तुत कर गलत तरीके से संविलियन कराया गया। इसके साथ ही निकाय गठन के बाद से फर्जी प्रस्तावों व दस्तावेजों में हेराफेरी कर कुछ जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदारों, फर्मों और कथित चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए नगर पालिका अधिनियम और लेखा-वित्त नियमों का उल्लंघन करते हुए लाखों रुपये के गबन का आरोप भी लगाया गया है।

### एलएसजीडी डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य था

बताया गया है कि जिला चयन समिति ने 6 फरवरी 2021 को पंचायतकालीन कर्मचारियों के संविलियन का निर्णय लिया था। आदेश के तहत संविलियन कर्मचारियों को तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि में एलएसजीडी डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य था, अन्यथा उन्हें मूल पद पर लौटाया जाना था। आरोप है कि संबंधित कर्मचारी द्वारा निर्धारित अवधि में डिप्लोमा प्राप्त नहीं करने के बावजूद उन्हें अब तक मूल पद पर नहीं भेजा गया है।

### नियमों को विपरित किया गया संविलियन

शिकायतकर्ताओं ने यह भी उल्लेख किया है कि पंचायत राज संचालनालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का संविलियन शहरी निकाय में नहीं किया जा सकता, फिर भी नियमों के विपरीत यह कार्रवाई की गई। इस आधार पर प्रदेश के अन्य नवगठित निकायों में संविलियन नहीं हुआ, जिससे स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं।

**फरार अपराधियों पर ईनाम घोषित-** जबलपुर। कटंगी एवं चरगवां थानों में दर्ज अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे आधा दर्जन अपराधियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक चरगवां थाने में दर्ज प्रकरण में फरार विजय मिश्रा की गिरफ्तारी पर तीन हजार एवं कटंगी थाने में दर्ज अलग-अलग आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में फरार सत्येन्द्र बर्मन, राजेश नाथ पर दो-दो हजार ईनाम घोषित किया।

# होली पर आयोजित होगा हास्य कवि सम्मेलन

देश के दिग्गज कवि करेंगे शिरकत



**कोतमा नवभारत 26 फरवरी।** विगत कई वर्षों से कोतमा नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में होली के पावन अवसर पर नगर के कवि महेश सुदर्शन मिश्रा के संयोजन में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 4 मार्च बुधवार को किया जाएगा। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से अपने-अपने रसों के जाने-माने सभी दिग्गज कवि अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने कोतमा आ रहे हैं।

इस संबंध में कार्यक्रम के सूत्रधार कवि महेश सुदर्शन मिश्रा द्वारा बताया गया कि नगर की परंपरा को कायम रखते हुए नगर पालिका कोतमा, नगर के व्यापारी, विद्युत विभाग एवं नगर के काव्य प्रेमी श्रोताओं के सहयोग से कवि सम्मेलन का आयोजन होना संभव हो पाता है। उक्त आयोजन में सभी नगर वासियों का नगर के व्यापारियों का तन-मन-धन से सहयोग मिलता है। विशेष रूप से आदर्श किराना व्यापारी संघ एवं अध्यक्ष धीरेंद्र जैन (बंटी) का सहयोग कवि सम्मेलन के आयोजन में महती भूमिका निभा रहा है।

### युवा कवयित्री स्नेहा त्रिपाठी 'कनक' भी आएंगी

इस बार के कवि सम्मेलन में आने वाले कवियों में हास्य का बड़ा नाम शैलेश लोढ़ा, कवि रवि शंकर चतुर्वेदी, जो कुशल मंच संचालक भी हैं, वहीं दूसरा हास्य गीत-गजल का बड़ा नाम भोपाल के शायर जलाल मैकस का है, जो अंतरराष्ट्रीय कवि हैं, जिन्होंने भारत के अलावा भी कई देशों में मंचीय कार्यक्रम में शिरकत की हैं। रीवा की युवा कवयित्री स्नेहा त्रिपाठी 'कनक' भी अपने गीत गज़लों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने कोतमा आ रही हैं।

# युवा पीढ़ी की सजगता से भविष्य सुरक्षित होगा : डॉ . शर्मा

▸ पर्यावरणीय शिक्षण कार्यक्रम के तहत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित




**कोतमा नवभारत 26 फरवरी।** शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय, कोतमा के इको क्लब द्वारा पर्यावरणीय शिक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत आयोजित पर्यावरण ट्रिविया क्विज (सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता 25 फरवरी को महाविद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन पूर्व निर्धारित तिथि 9 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित था, किंतु अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर आज संपन्न कराया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य जेबुदियस लकड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। उनके संरक्षण एवं प्रेरणा से प्रतियोगिता सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

### ज्ञान का प्रदर्शन करने का मिला अवसर

प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास जैसे विषयों पर अपने ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पर्यावरण विषयक प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल अपने ज्ञान का प्रदर्शन करने का अवसर मिला, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों को अपनी दैनिक जीवनशैली में आत्मसात करने की प्रेरणा भी प्राप्त हुई।

### पर्यावरण संरक्षण जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए

कार्यक्रम के संचालन में इको क्लब के सदस्यों डॉ. प्रवीण कुमार यादव, कीर्ति मरावी, डॉ. राजकुमार रैदास की विशेष भूमिका रही। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। इको क्लब प्रभारी डॉ. गिरेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। युवा पीढ़ी यदि सजग होगी तो भविष्य सुरक्षित और हरित बनेगा।




## संस्कृति और युवा प्रतिभा का संकल्प महोत्सव आज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में शामिल संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा आयोजित होने वाला संकल्प महोत्सव 2026 27 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है।

महाविद्यालय परिवार की ओर से इस बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक उत्सव में क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा आम जनमानस को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजकों के अनुसार संकल्प महोत्सव केवल मनोरंजन का मंच नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक चेतना और युवा प्रतिभा का विराट संगम है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना तथा समाज और शिक्षा के बीच मजबूत संवाद स्थापित करना है। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, संगीत, नाटक, लोक प्रस्तुतियों तथा रचनात्मक गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# शांति और भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे सभी त्यौहार

▸ जिला शांति समिति की बैठक आयोजित



**अनूपपुर, नवभारत 26 फरवरी।** जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप आगामी होली, ईद-उल-फितर और रामनवमी त्यौहारों को शांति, सद्भावना और भाईचारे के साथ मनाने की अपील जिला प्रशासन ने की है। यह अपील कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में की गई।

बैठक में कलेक्टर ने त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेटियल ड्यूटी लगाने तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए।

उन्होंने नदियों व जलाशयों के चिन्हित स्थानों पर होमगार्ड गोताखोरों, पटवारी, सचिव और नगरीय प्रशासन के अमले की ड्यूटी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए।

### जलापूर्ति की होगी समुचित व्यवस्था

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहेगी, जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की जाएगी तथा आकस्मिक घटनाओं से निपटने के लिए नगरीय क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस तैनात रहेंगी। बिजली के तारों के नीचे होली नहीं जलाने और जरूरत के अनुसार पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं।



## सीईओ ने व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

▸ फुनगा, बदरा, मलगा व चौड़ी-पौड़ी स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत 26 फरवरी।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। सीईओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बदरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौड़ी-पौड़ी तथा मलगा का भ्रमण किया।

इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ, प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों के उपचार संबंधी व्यवस्थाओं, पैथोलॉजी सेवाओं, दवा वितरण प्रणाली तथा सुरक्षित मातृत्व प्रसव के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### इनवर्टर स्थापना के निर्देश दिए

सीईओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा में बायो-मेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बदरा को लघु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में स्थानांतरित करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मलगा में नल-जल कनेक्शन के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति एवं इनवर्टर स्थापना के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। सीईओ ने सभी केंद्रों पर बेहतर और सुव्यवस्थित स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# जिला प्रशासन ने पटवारियों की प्रमुख मांगें मानी

▸ हड़ताल अवधि अर्जित अवकाश में होगी समायोजित



अनूपपुर, नवभारत 26 फरवरी। जिला प्रशासन ने 12 फरवरी से हड़ताल पर चल रहे पटवारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनकी प्रमुख मांगों को स्वीकार कर लिया है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश में हड़ताल अवधि को अर्जित अवकाश में स्वीकृत करने, रुके हुए वेतन के भुगतान और निलंबित पटवारियों की बहाली के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के इस फैसले से जिले के अधिकांश पटवारियों में राहत की स्थिति देखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार हड़ताल अवधि को अर्जित अवकाश में समायोजित किए जाने से कर्मचारियों की सेवा अवधि प्रभावित नहीं होगी। साथ ही जनवरी माह का रुका हुआ वेतन तत्काल आहरित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**निलंबित पटवारियों को सेवा बहाल होगी-** इसके अतिरिक्त प्रशासन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हड़ताल से पूर्व विभिन्न प्रशासनिक कारणों से निलंबित किए गए पटवारियों को पुनः सेवा में बहाल करने का निर्णय लिया है।

## नशामुक्ति का संकल्प लेकर असम का युवा पहुंचा कोतमा



**कोतमा, नवभारत।** कहते हैं कि यदि इरादे नेक हों और हौसले बुलंद, तो राहें खुद-ब-खुद बन जाती हैं। इस बात को सच कर दिखाया है असम के श्रीभूमि जिले के रानीबाड़ी गांव निवासी 25 वर्षीय युवा पल्लव देव ने जो नशामुक्त भारत का संदेश लेकर पदयात्रा पर निकले हैं। पल्लव देव का बचपन से ही भारतीय सेना में जाकर देश सेवा करने का सपना था, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें एक अलग राह चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए युवाओं को जागरूक करने का बीड़ा उठाया। पल्लव देव ने अपनी नशामुक्त भारत पदयात्रा 5 मई 2025 को असम से शुरू की थी। अब तक वे 298 दिनों में हजारों किलोमीटर का सफर तय कर कई राज्यों से होते हुए कोतमा पहुचे हैं।

समारोह — वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक बारात के साथ आयोजित हुआ सामूहिक विवाह, जनप्रतिनिधि और अधिकारी बने बाराती बने

# कन्या विवाह समारोह में 188 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**अनूपपुर, नवभारत।** जनपद पुष्पराजगढ़ के खेल मैदान (बिजली ऑफिस परिसर) में गुरुवार को भव्य मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह आयोजित हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक रीति-रिवाज और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच 188 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

इस अवसर पर शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि बेटे भाग्य से और बेटियां परम सौभाग्य से जन्म लेती हैं। बेटियां ईश्वर की अनमोल रत्न होती हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू रीति-रिवाजों में कन्यादान को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अत्यंत सराहनीय है। सांसद ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के लिए संवेदनशील नीतियां लागू की जा रही हैं।

### 49 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए

समारोह में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भव्य बारात निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधि और अधिकारी बाराती बने। धार्मिक विधि-विधान के साथ हुए सामूहिक विवाह में उल्लास का वातावरण रहा। कार्यक्रम के दौरान कुछ हितग्राही महिलाओं को प्रतीक स्वरूप 49 हजार रुपए के चेक भी वितरित किए गए। समारोह में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### सहयोग व समझ के साथ जीवन व्यतीत करें : मार्को

पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि बेटियां स्नेह और संस्कार के सूत्र में दो परिवारों को बांधने का कार्य करती हैं। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को परस्पर सम्मान, सहयोग और समझ के साथ जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण है, जो विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में जोड़ता है और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर प्रदान करता है।

# साक्षरता व अधिकारों के प्रति किया जाएगा जागरूक

▸ किशोर-किशोरियों में आत्मनिर्भरता के लिए सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ



**अनूपपुर, नवभारत 26 फरवरी।** थाना जैतहरी अंतर्गत सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्य प्रदेश पुलिस की सामुदायिक पुलिस योजना के तहत सृजन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। यह आयोजन उप-पुलिस महानिरीक्षक विनीत कपूर के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी जगनाथ मरकाम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहभागी संस्था हार्ड के प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने बताया कि सृजन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

### भविष्य निर्माण में मिलेगी सहायता : एएसपी

इसके अंतर्गत बच्चों को आत्मरक्षा कौशल, मानसिक एवं शारीरिक मजबूती, साथ ही कानूनी साक्षरता एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि वे जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम ने बच्चों को रचनात्मकता का महत्व समझाते हुए कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं और इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें नई जानकारी तथा भविष्य निर्माण में सहायता मिलेगी।

### ट्रैकसूट वितरित किए गए

इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा मोजर वियर सीएसआर से प्राप्त ट्रैकसूट बच्चों को वितरित किए गए, जिससे वे एक समान ड्रेस में प्रशिक्षण ले सकें। स्वास्थ्य विभाग से बीसीएम कोमल सिंह मार्को ने बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वय सूबेदार अम्बरीष साहू ने किया तथा सृजन मास्टर ट्रेनर सहायक उपनिरीक्षक प्रभात मिश्रा ने आगामी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।